तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री

न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 29 अप्रैल 2026



14 पीएम श्री छड़िया में स्वैच्छिक सीखना...





12 सीएम के शिवरीनारायण प्रवास के दौरान ...






# सुशासन तिहार में 39 स्थानों पर लगेंगे जनसमस्या निवारण शिविर

## पहले दिन 1 मई को रिसदा में, 18 ग्राम पंचायत के लोग होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

■ कलेक्टर ने की समय - सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा

प्रदेश व्यापी सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कुल 39 स्थानों पर आयोजित होंगे। इसमें 30 ग्रामीण एवं 19 नगरीय निकाय शामिल हैं। शिविर के पहले दिन 1 मई 2026 को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत रिसदा में आयोजित होग़ा जिसमें 18 गांव के लोग शामिल होंगे। शिविर प्रातः 10 से अपरान्ह 3 बजे तक होग़ा।कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो के साथ सुशासन तिहार तैयारी की समीक्षा की।

कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार शासन का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जो हमारे लिये एक अवसर है, जिसमें लोगों की समस्याओं का निराकरण फिल्ड में जाकर करना हैं। सभी अधिकारी कर्मचारी सक्रिय व सतर्कता के साथ कार्य करें।उन्होंने कहा कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी शिविर में अवश्य उपस्थित रहे। शिविर के एक दिन पूर्व पुरी तैयारी ▸▸ शेष पेज 11 पर



### नगरीय क्षेत्रों में शिविर

सोमवार 4 मई को नगर पंचायत पलारी के ठाकुर देव चौक में वार्ड 1 से 8 तक के लिये शिविर आयोजित होगा। इसी तरह बुधवार 6 मई को नगर पालिका कार्यालय भवन भाटापारा में वार्ड 1 से 5 एवं 8 से 10 के लिये, नगर पालिका कार्यालय भवन बलौदाबाजार में वार्ड क्रमांक 1 से 6 एवं 21 के लिये एवं गुरू घासीदास भवन नगर पंचायत लवन में वार्ड 1 से 8 के लये, बुधवार 13 मई को इतवारी राम यादव शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल भाटापारा में वार्ड 6 से 7 एवं 11 से 16 के लिये, बेसिक प्राथमिक शाला भवन बलौदाबाजार में वार्ड 7 से 14 के लिये, सरस्वती चौक नगर पंचायत पलारी में वार्ड 9 से 15 के लिये, नगर भवन कसडोल में वार्ड 1 से 8 के लिये, टिकरापारा सामुदायिक भवन ढुण्ड्रा ▸▸ शेष पेज 11 पर

### ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर

शुक्रवार 1 मई को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत रिसदा में शिविर आयोजित होग़ा जिसमें कोकड़ी, पनगांव, मगरचबा, पहंदा, लिमाही, खम्हरिया (च), सकरी, दशरमा, खम्हरिया (यदु), कंजी, भरसेला (नया), चांपा, ठेलकी, पुरेनाखपरी, रिसदा,परसाभदेर, सेम्हराडीह भरुवाडीह के ग्रामीण शामिल होंगे। सोमवार 4 मई को ग्राम भाटापारा विकासखंड के ग्राम मोपर शिविर में ग्राम टोनाटार, मल्दी, अमलीडीह, हसदा, खम्हरिया, नवागांव, टोपा, देवरानी, अमेठी, गोढी (टी), मिरगी, खैरी (आर), तुरमा,गुर्रा शामिल हैं। विकासखंड कसडोल के ग्राम डेराडीह शिविर में अमोदी, बैजनाथ, भदरा, छेछर, दर्रा म. गिरौद. झबडी, कटगी, खैरा (क) कोट(र) मानाकोनी. मुडपार (म). साबर,सर्वा,सरवानी., सेल मडकडा, मडवा, मल्दा,सिनोधा शामिल हैं।बुधवार 6 मई को सिमगा के ग्राम नवागांव में एवं शनिवार 9 मई को कसडोल के मोहतरा क ▸▸ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### दतान ख में मलेरिया जागरुकता रैली निकाली



**पलारी।** विगत दिनों ग्राम दतान (खैरा) में मलेरिया को लेकर जन जागरुकता दिवस पर रैली निकाली गई। मलेरिया भगाओ - जागरूकता लाओ नारा के साथ आरएचओ संजय पैकरा, सीएचओ प्रदीप वर्मा, एएनएम पुष्पा बांधे, शिक्षक सोनाराम पैकरा, सुकदेव पैकरा, शिव पैकरा, एम टी लक्ष्मी साहु एंव सभी मितानिनें एंव वन प्रबंधन समिति अध्यक्ष रामनारायण यादव उपस्थित थे। संजय पैकरा द्वारा मलेरिया को पनपने से रोकने के उपाओं को बताया गया।

### कफ सिरप तस्कर को 20 वर्ष कैद, दो लाख जुर्माना

**रायपुर।** टिकरापारा थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व पांच लीटर प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ गिरफ्तार एक युवक को विशेष न्यायाधीश किरण थवाईत की एनडीपीएस कोर्ट ने 20 वर्ष कैद तथा दो लाख रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार, कोर्ट ने लालपुर निवासी पुरुषोत्तम साहू उर्फ भक्का को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है।

### अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी, छह लाख ठगे

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ लोन देने के नाम पर एक लिंक भेज एप्लिकेशन डाउनलोड कराकर उसके निजी फोटो को एडिट कर सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देकर छह लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। देवपुरी, इंप्रोसिया एलिट निवासी विशाल गुप्ता ने ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। विशाल ने पुलिस को बताया कि जालसाज ने उसे लोन लेने अपने झांसे में फंसाकर एक लिंक भेज एप्लिकेशन डाउनलोड कराया। इसके बाद जालसाज ने विशाल की फोटो को एडिट कर अश्लील रूप देकर सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देकर 10 मार्च से 27 अप्रैल तक ब्लैकमेल कर ठगी का शिकार बनाया।

### डीसीपी ने किया उरला थाने का निरीक्षण

**रायपुर।** उरला थाने के नार्थ जोन के डीसीपी मयंक गुर्जर वार्षिक निरीक्षण करने पहुंचे। जहां उन्होंने मालखाना, अभिलेख (रिकॉर्ड), अपराध रजिस्टर, लंबित प्रकरणों की स्थिति तथा थाना स्टाफ की कार्यप्रणाली का गहन एवं सूक्ष्म परीक्षण किया। थाना परिसर की साफ-सफाई, सुव्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया गया। मालखाने में रखी जब्त संपत्ति एवं सामग्री के संधारण, उनके विधिवत अभिलेखीकरण एवं सुरक्षा मानकों की जांच की। साथ ही रजिस्टर संधारण, अपराध रजिस्टर की अद्यतन स्थिति एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर उनके शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसीपी ने वारंटी की तामीली में तेजी लाने, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाने तथा सम्मन, वारंट की प्रभावी तामील सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## आयोजन : मुख्यमंत्री ने कहा - छत्तीसगढ़ धान का कटोरा होने के साथ-साथ सेवा, समर्पण और आस्था की भूमि

# श्रीराम कथा में पहुंचे मुख्यमंत्री साय, लिया संतों का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गिधौरी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सोमवार शिवरीनारायण स्थित राम मिलेंगे आश्रम, तेंदुवा धाम कुरियारी में आयोजित 9 दिवसीय श्रीराम कथा में शामिल हुए। उन्होंने अपनी पत्नी कौशल्या साय के साथ आश्रम पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने पद्म विभूषण से सम्मानित जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पावन भूमि सदैव भगवान श्रीराम के चरणों से धन्य रही है। उन्होंने वनवास काल में भगवान श्रीराम के आगमन और माता शबरी की अद्भुत भक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि इस धरती ने आस्था, समर्पण और विश्वास की अनूठी परंपरा को सहेज कर रखा है। उन्होंने कहा कि तेंदुवाधाम आज धार्मिक और सांस्कृतिक जागरण का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है, जहां हजारों श्रद्धालु एक साथ श्रीराम कथा का श्रवण कर रहे हैं।







### शांति और विकास की राह पर छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन और जवानों के अदम्य साहस से आज प्रदेश से नक्सलवाद समाप्त हो चुका है तथा राज्य में शांति, विकास और सामाजिक समरसता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया यहां की संस्कृति और जीवन मूल्यों की सच्ची पहचान है।इस अवसर पर परम पूज्य वासुदेवनंद सरस्वती महाराज, किन्नर अखाड़ा प्रमुख मां टीना सहित अनेक संत-महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति में विभिन्न धार्मिक-सांस्कृतिक परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया ।

### गड्ढों की जल्दबाजी में मरम्मत

छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का जब शिवरीनारायण के कुरियारी तेंदुआ प्रवास दौरान सोमवार को गिधौरी शिवरीनारायण मार्ग की जर्जर और जानलेवा गड्ढे को सीएम आने के ठीक दो घंटे बाद टेकेदार एवं पीडब्ल्यूडी विभाग ने आनन फानन में जगह-जगह गड्ढे को गिट्टी से पाटा है और ठेकेदार और पीडब्लूडी विभाग ने मलहम पट्टी लगाकर खाना पूर्ति की है, जो गिधौरी-शिवरीनारायण क्षत्र में चर्चा का विषय है।



### सेवा और संस्कारों का बन रहा केंद्र

राघव सेवा समिति के प्रमुख डॉ. अशोक हरिवंश ने बताया कि यह स्थल माता शबरी की जन्मभूमि शिवरीनारायण में स्थित है, जहां 'कलिंग शैली' में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। आश्रम में औषधालय, वैदिक विद्यालय, गौ मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, गीता वाटिका, शबरी रसोई और निर्धन कन्या विवाह जैसी अनेक सामाजिक-धार्मिक पहल संचालित हो रही हैं। कार्यक्रम के तहत विभिन्न वर्गों - दिव्यांगजन, रक्तदाता, कुष्ठ रोगी और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों - को समर्पित विशेष दिवस भी आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में सांसद कमलेश जांगड़े, कौशल्या साय, पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, महंत रामसुंदर दास, गुलाब सिंह चंदेल, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, इंजी रवि पाण्डेय सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

### मुख्यमंत्री ने किया धार्मिक संस्थानों का लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने इस अवसर को अत्यंत सौभाग्यशाली बताते हुए कहा कि एक ही मंच से अनेक संतों का सान्निध्य और आशीर्वाद प्राप्त होना विशेष अनुभव है। उन्होंने आश्रम परिसर में हरिवंश औषधालय एवं पंचकर्म केंद्र, श्री राम-जानकी मंडपम, हरिवंश वैदिक पाठशाला, मां दुर्गा गौ मंदिर और हनुमत प्रवेश द्वार सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक संस्थानों के लोकार्पण पर आश्रम प्रबंधन और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ धान का कटोरा होने के साथ-साथ सेवा, समर्पण और आस्था की भूमि भी है। उन्होंने अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर निर्माण के दौरान छत्तीसगढ़ से 11 ट्रक चावल और चिकित्सकों की टीम के वहां पहुंचने का उल्लेख करते हुए इसे प्रदेशवासियों की गहरी श्रद्धा का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि लगभग 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद भगवान श्रीराम भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं, जो देश की सांस्कृतिक एकता और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि श्री रामलला दर्शन योजना के माध्यम से हजारों श्रद्धालु अयोध्या धाम के दर्शन कर लाभान्वित हो रहे हैं ।

# जिले के 450 तालाबों में भरा पानी, 128 प्रगतिरत, निस्तारी की समस्या से राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

ग्रीष्म ऋतु में तालाबों में पानी की कमी के कारण ग्रामीणों को निस्तारी की समस्या को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा महानदी जलाशय परियोजना के नहर के माध्यम से तालाबों को भरा जा रहा है। अब तक जिले के 450 तालाब में पानी भर चुका हैं तथा 128 तालाब में पानी भरा जा रहा है।

जल संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार महानदी जलाशय परियोजना के नहर के माध्यम से जिले के कुल 384 गांव के 683 तालाबों को भरने का लक्ष्य है। इनमें से 450 तालाबों में अब तक पानी भरा गया है तथा 128 प्रगतिरत है। शेष तालाबों में भी जल्द पानी भर दिया जाएगा। इन तालाबों के भरने से ग्रामीणों को ग्रीष्म ऋतु में निस्तारी के संकट से मुक्ति मिलेगी। इसके साथ ही तालाबों के भरने से आस -पास के क्षेत्रों में वाटर रिचार्ज भी होग़ा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने पिछले सप्ताह बलौदाबाजार विकासखंड के विभिन्न ग्रामो के दौरा के दौरान कई तालाबों और नहर का निरीक्षण किया था। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को नहर का पानी व्यर्थ बहने में रोक लगाने तथा कड़ी मॉनिटरिंग के निर्देश दिये हैं।






# कलेक्टर जांच में चौक सौंदर्यीकरण की मूर्तियां गुणवत्तापूर्ण, अज्ञात तत्वों की शरारत से पहुंची क्षति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

■ तीन सदस्यीय समिति की रिपोर्ट में गुणवत्ता की पुष्टि

नगर पालिका द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण के तहत चौक-चौराहों को सुसज्जित करने का कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में लगाए गए मूर्तियों को लेकर उठे सवालों के बीच कलेक्टर द्वारा कराई गई जांच में इनकी गुणवत्ता को संतोषजनक पाया गया है। जांच रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि मूर्तियों को अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा जानबूझकर क्षतिग्रस्त किया गया था।

नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने बताया कि षष्ठी मंदिर के सामने स्थित चौक तथा वार्ड 2 में भारत ▸▸ शेष पेज 11 पर



### जानबूझकर क्षतिग्रस्त किया गया

समिति द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया है कि गार्डन चौक से षष्ठी मंदिर तक कराए गए सौंदर्यीकरण कार्य में उपयोग की गई मूर्तियां एफआरपी (फाइबर रिइनफोर्स्ड प्लास्टिक) सामग्री से निर्मित थीं और उनका निर्माण प्राक्कलन एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप किया गया था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मूर्तियों को जानबूझकर क्षतिग्रस्त किया गया, जो कि असामाजिक तत्वों की हरकत प्रतीत होती है।

### नागरिकों से सहयोग की अपील की

नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने पारदर्शी जांच के लिए कलेक्टर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर के विकास और सौंदर्यीकरण कार्यों को सफल बनाने के लिए नागरिकों की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में गार्डन चौक में लगाए गए नए शिलालेख को भी शरारती तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया है। अशोक जैन ने अपील करते हुए कहा कि नगर की सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा सभी नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि कोई व्यक्ति ऐसी गतिविधियों में लिप्त पाया जाता है, तो उसे रोकने में आमजन को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि नागरिकों के सहयोग से नगर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाए रखने के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

## आंधी-बारिश से गर्मी से राहत, तापमान में गिरावट

# मौसम बदलते ही आधे घंटे तक हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार शाम अचानक मौसम ने करवट ली। तेज हवा और आंधी के साथ लगभग 30 मिनट तक हुई बारिश ने भीषण गर्मी से लोगों को राहत दी। दिनभर चिलचिलाती धूप और 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान के बीच यह बदलाव लोगों के लिए सुकून भरा रहा, वहीं दूसरी ओर इस अचानक हुई बारिश का असर मानव स्वास्थ्य और कृषि दोनों पर मिला-जुला देखा जा रहा है।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार यह स्थिति प्री-मानसून गतिविधियों का हिस्सा है, जिसमें तेज गर्मी के बाद वातावरण में नमी बढ़ने से आंधी और गरज-चमक के साथ बारिश होती है। इस दौरान तेज हवाएं चलती हैं और अल्प अवधि में वर्षा दर्ज होती है।

बारिश से तापमान में गिरावट आई, जिससे लोगों को गर्मी और लू से राहत मिली। साथ ही वातावरण में फैली धूल बैठने से हवा कुछ हद तक स्वच्छ हुई। हालांकि, अचानक मौसम परिवर्तन के कारण सर्दी-जुकाम, वायरल संक्रमण और एलर्जी के मामलों में वृद्धि की आशंका भी जताई जा रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे मौसम में विशेष सावधानी बरतना आवश्यक है।

विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि वे मौसम को ध्यान में रखते हुए फसलों की सुरक्षा के उपाय करें। वहीं आम नागरिकों से अपील की गई है कि ▸▸ शेष पेज 11 पर




### तेज हवाओं से फसलों को नुकसान

कृषि क्षेत्र की बात करें तो इस बारिश से खेतों में नमी बढ़ी है, जो आगामी फसलों की तैयारी के लिए लाभकारी मानी जा रही है। सब्जी एवं दलहनी फसलों को गर्मी से राहत मिली है, लेकिन तेज हवा के कारण कुछ स्थानों पर सब्जियों को नुकसान की खबरें भी सामने आई हैं।मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, आने वाले 3 से 5 दिनों तक मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रह सकता है। दिन में तापमान 38 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है, जबकि शाम या रात के समय आंशिक बादल छाने के साथ गरज-चमक और हल्की बारिश हो सकती है। बीच-बीच में तेज हवाएं चलने की भी संभावना जताई गई है।

# बच्चों से काम कराने पर होगी सख्त कार्रवाई

## श्रम विभाग ने शुरू किया जांच अभियान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

■ संयुक्त टीम ने दुकानों होटलों और कारखानों में दी चेतावनी

जिले में बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति पर रोक लगाने के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बलौदाबाजार एवं कसडोल विकासखंड के विभिन्न क्षेत्रों में कारखानों, दुकानों, होटलों, ढाबों और पान ठेलों का निरीक्षण किया गया। टीम ने संस्थानों के संचालकों को बाल श्रम कानूनों की जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को काम पर रखना दंडनीय अपराध है। अभियान के दौरान 5 बच्चे 18 वर्ष से कम पाए गए जिन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

अभियान के दौरान जिले में किसी भी बच्चे को भिक्षावृत्ति करते नहीं पाया गया, जो एक सकारात्मक संकेत है। हालांकि ▸▸ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### एरियर्स समेत 2 फीसदी डीए जारी करने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशनने प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों एवं पेंशनरों को लंबित 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता एरियर सहित प्रदान किए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं मुख्य सचिव को ज्ञापन भेजा है। फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक एवं प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ, कमल वर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणापत्र में प्रदेश के शासकीय सेवकों को केंद्र सरकार के समान महंगाई भत्ता एरियर्स सहित प्रदान करने का वादा किया है। वर्तमान में प्रदेश के कर्मचारियों को 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है, जो केंद्र सरकार की दर से 2 प्रतिशत कम है। उन्होंने अवगत कराया कि केंद्र सरकार द्वारा 1 जनवरी 2026 से 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता स्वीकृत किया जा चुका है, जबकि प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को अभी तक इसका लाभ प्राप्त नहीं हुआ है। फेडरेशन ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि घोषणापत्र के अनुरूप प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र के समान लंबित 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता एरियर्स सहित देय तिथि से स्वीकृत करने हेतु आवश्यक निर्देश शीघ्र जारी किए जाएं।

### छत्तीसगढ़ शासकीय सेवक नियम-2025-26 को निरस्त करने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन ने छत्तीसगढ़ शासकीय सेवक नियम 2025-26 को अनियमित कर्मचारी विरोधी नियम करार दिया है। साथ ही इस नियम को निरस्त करने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग की है। फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद साहू का कहना है कि यह नया नियम अनियमित आंदोलन को कुचलने का प्रयास है। उन्होंने कहा है कि इस प्रावधान से प्रदेश लाखों अनियमित कर्मचारी, जो अपने अधिकार के लिए संघर्ष कर रहे हैं, उन्हें सरकार से मान्यता नहीं मिलेगी। पूर्व में भी समय-समय पर अनियमित कर्मचारी संघों ने इस नियम पर विरोध दर्ज कराया है।

### 2 फीसदी डीए-डीआर पर कैबिनेट बैठक में हो फैसला

**रायपुर।** 29 अप्रैल को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में प्रस्तावित कैबिनेट बैठक से पहले भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव ने राज्य के कर्मचारी-अधिकारियों और पेंशनरों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर निर्णय लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महंगाई भत्ता बढ़ाए जाने के बाद भी छत्तीसगढ़ के कर्मचारी-अधिकारियों को 2 फीसदी कम डीए मिल रहा है, जो उनके साथ अन्याय है। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार केंद्र के समान डीए प्रदान कर इस विसंगति को तत्काल दूर करे। उन्होंने यह भी कहा कि डीए में विलंब के कारण एरियर्स की राशि लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे कर्मचारियों और पेंशनरों में आक्रोश व्याप्त है। यदि समय रहते निर्णय नहीं लिया गया तो लाखों रुपए का एरियर्स प्रभावित हो सकता है। महासंघ ने राज्य सरकार से अपेक्षा की है कि कैबिनेट बैठक में इस विषय पर संवेदनशीलता के साथ विचार कर शीघ्र निर्णय लिया जाए, ताकि कर्मचारी-अधिकारियों एवं पेंशनरों को उनका न्यायोचित अधिकार मिल सके।

### पीड़ित परिवार को चार लाख की आर्थिक सहायता

**रायपुर।** राज्य में प्राकृतिक आपदा के दौरान मृत व्यक्ति के निकट परिजन को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा कुलदीप शर्मा ने आरबीसी की धारा 6-4 के तहत यह मानवीय और प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पलारी तहसील ग्राम गबौद निवासी प्यारेलाल डहरिया की मृत्यु सर्पदंश के कारण हो गई थी। इस दुखद घटना के बाद पीड़ित परिजन ईश्वरी बाई के आवेदन पर प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही करते हुए नियमानुसार सहायता राशि स्वीकृत की है।

# कैबिनेट में तय होगा विशेष सत्र का प्रस्ताव, निकायों से लेकर पंचायतों तक गूंजेगा महिला आरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महिला आरक्षण मामले में छत्तीसगढ़ विधानसभा का विशेष सत्र 30 अप्रैल को होगा। इससे पहले 29 तारीख को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की बैठक होगी। उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो कैबिनेट में सत्र में रखे जाने वाले प्रस्ताव पर चर्चा होगी। 30 तारीख को जब विधानसभा में मुख्यमंत्री या संसदीय कार्यमंत्री केदार कश्यप चर्चा के लिए प्रस्ताव पेश कर सकते हैं। इसके साथ ही राज्य की पंचायतों और नगरीय निकायों में भी विशेष सभा बुलाकर महिला आरक्षण संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा करने कहा गया है, रायपुर से इसकी शुरुआत हो चुकी है। इधर विधानसभा में होने वाले विशेष सत्र को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमाई हुई है, लेकिन अभी ये साफ नहीं है कि ये विधानसभा में लाए जाने वाले प्रस्ताव का स्वरूप क्या होगा। उधर कैबिनेट की बैठक के बाद विधानसभा से विशेष सत्र के लिए जारी होने वाली कार्यसूची सामने आने के बाद प्रस्ताव का स्वरूप साफ हो सकेगा। दूसरी ओर पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश में भी सोमवार को विधानसभा में विशेष सत्र बुलाया गया। यहां महिला आरक्षण को लेकर निंदा प्रस्ताव पर कोई बात सामने नहीं आई है। यहां एक मुख्यमंत्री ने एक शासकीय संकल्प पेश किया। जिसका विषय नारी शक्ति वंदन हेतु महिला के




सर्वांगीण विकास एवं सशक्तिकरण संबंधी था। इसी आधार पर माना जा रहा है कि छत्तीसगढ़ में नारी शक्ति से संबंधित प्रस्ताव लाया जा सकता है, जिसे मुख्यमंत्री या संसदीय कार्यमंत्री पेश करेंगे। इस पर पक्ष-विपक्ष की चर्चा के बाद बहुमत से पारित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में होने वाले सत्र के संबंध में विधानसभा से जारी अधिसूचना में इसे शासकीय कार्य हेतु सत्र बताया गया है।

### पंचायतों-निकायों तक पहुंचेगा महिला आरक्षण का मामला

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार जहां एक तरफ विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर महिला आरक्षण विधेयक पर निंदा प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रही है, दूसरी ओर यही कोशिश राज्यभर की त्रिस्तरीय पंचायतों और नगरीय निकायों की सभा में भी करने की तैयारी है। भाजपा सूत्रों की मानें तो राज्य में पंचायतों और नगरीय निकायों से कहा गया है कि वे अपनी सभा में महिला आरक्षण बिल पर प्रस्ताव लाकर चर्चा कराएं। संभव है कि इसमें निंदा प्रस्ताव पारित कराया जाए। दरअसल पार्टी महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों से जुड़े इस मुद्दे को शहरों से लेकर गांव-गांव तक पंहुचाने की तैयारी में है। इस सिलसिले में रायपुर नगर निगम में विशेष सामान्य सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान हंगामे और शोरगुल के बीच प्रस्ताव पारित किया गया। रायपुर निगम की विशेष सामान्य सभा में चर्चा के लिए प्रस्ताव महिला सशक्तिकरण हेतु अल्पकालीन जागरूकता अभियान के आयोजन एवं समन्वय किए जाने के लिए प्रस्ताव रखा गया था। इसी क्रम में पंचायतों और अन्य नगरीय निकायों में भी इसी प्रकार की विशेष सभाओं का आयोजन किया जाएगा।

## महा हस्ताक्षर अभियान को मिला व्यापक जनसमर्थन

# गौ रक्षा के लिए शिवसैनिकों ने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद/सिमगा

शिवसेना द्वारा प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आदेश पर राज्यभर में गौ रक्षा के मुद्दे को लेकर व्यापक जनआंदोलन चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज सिमगा में एसडीएम अतुल सेटे को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान प्रदेश सचिव ईश्वर प्रसाद निषाद ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति, आस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है, किंतु वर्तमान समय में गौहत्या, गौ तस्करी एवं गौवंश की उपेक्षा लगातार बढ़ती जा रही है, जो अत्यंत चिंताजनक विषय है। इन परिस्थितियों को देखते हुए शिवसेना ने प्रदेश सरकार से ठोस एवं कड़े कदम उठाने की मांग की है।



ज्ञापन में प्रमुख मांगों के रूप में गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गौ माता को राज्य माता घोषित करने, गौ तस्करी में लिप्त वाहनों को तत्काल राजसात करने, गौ हत्या करने वालों के विरुद्ध हत्या का प्रकरण दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने तथा प्रदेश के गौठानों को व्यवस्थित गौशालाओं के रूप में विकसित कर वहां गौ सेवकों की नियुक्ति करने की मांग शामिल हैं। ज्ञापन के साथ ही शिवसेना द्वारा पिछले वर्ष 3 जुलाई से प्रारंभ किए गए महा हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत प्राप्त हजारों नागरिकों के व्यापक जनसमर्थन की हस्ताक्षरयुक्त प्रतियां भी एसडीएम को सौंपी गईं। योगेश्वर वैष्णव, डुपेश देवांगन, दिलीप चतुरे, राजु मानिकपुरी ने बताया कि इस अभियान को प्रदेश के विभिन्न जिलों, तहसीलों एवं गांवों में भारी जनसमर्थन प्राप्त हुआ है, जिससे स्पष्ट है कि गौ रक्षा के विषय में आमजन की भावना अत्यंत प्रबल है।शिव सैनिकों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शासन-प्रशासन द्वारा शीघ्र ही इन मांगों पर गंभीरता से विचार कर उचित कार्यवाही नहीं की जाती है, तो शिवसेना आगामी समय में और भी उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान प्रदेश सचिव ईश्वर प्रसाद निषाद, जिला उपाध्यक्ष योगेश्वर वैष्णव, डुपेश देवांगन, जिला सचिव दिलीप चतुरे, किसान सेना जिला उपाध्यक्ष राजु मानिकपुरी, भाटापारा विधानसभा उपाध्यक्ष सनत देवांगन, सिमगा ब्लाक अध्यक्ष भुपेश निषाद, शहर अध्यक्ष वैभव चौबे, मोहन वर्मा, सुखेनपुरी गोस्वामी, खम्हन निर्मलकर, ओंकार मिश्रा आदि शिव सैनिक उपस्थित थे।

# पीएम श्री छड़िया में स्वैच्छिक सीखना-सिखाना केंद्र बाल-वाटिका का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

मंगलवार को पीएमश्री प्राथमिक शाला छड़िया में सीखना सीखाना केंद्र बाल वाटिका कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से सौगता राय, संकुल समन्वयक मुकेश कुमार साहू एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं, बच्चे एवं पालकगण उपस्थित हुए। सौगता रॉय ने कहा कि यहां बच्चें स्वयं से करके सीखते हैं, जिससे बच्चों में रचनात्मक विकास होता हैं। समन्वयक मुकेश कुमार साहू ने कहा की बच्चों में नैतिक शिक्षा का विकास शाला परिवार से हीं होता हैं। इसलिए बच्चों को पढ़ाई के अलावा भी अन्य कार्यों को करने की छूट मिलनी चाहिए। शाला की प्रधानपाठक प्रभा कश्यप ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त कर बच्चों को घर में भी गर्मी छुट्टी में क्राफ्ट, मिट्टी के खिलौने इत्यादि पर कार्य करने हेतु प्रेरित किया। तत्पश्चात सात दिवस में किये गये कार्य हस्त- पुस्तिका निर्माण, पेपर क्राफ्ट, पपेट, मुखौटा निर्माण, मिट्टी से विभिन्न खिलौना निर्माण, ऊंगली आर्ट, टेडी बियर एवं कंकड़ पत्थर से बने विभिन्न प्रकार के आकृतियों का पालकों द्वारा अवलोकन किया गया। साथ ही इस कार्यक्रम की सराहना की गयी। बच्चों को उनकी मन पसंद के वस्तुओं, जिसमें पानी बॉटल, कलर पेंसिल, कॉपी उनकी पसंद के अनुसार पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में शाला परिवार से घनश्याम प्रसाद वर्मा, सावित्री ध्रुव, रामकुमार जायसवाल, दुलारी पटेल, दुर्गा साहू एवं बड़ी संख्या में महिलाए उपस्थित थे।

## भूख हड़ताल पर बैठी एनएसयूआई

# कुलसचिव ने कहा-पैसे देकर आप भी करा लें आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- केलकर जयंती पर गर्म रहा कैंपस, तैनात रहा पुलिस बल
- भूख हड़ताल पर बैठी एनएसयूआई, एबीवीपी ने मनाई जयंती

पं.रविशंकर शुक्ल विवि में केलकर जयंती पर विश्वविद्यालय का माहौल गर्माया रहा। एबीवीपी के संस्थापक और आरएसएस कार्यकर्ता रहे यशवंत केलकर के जयंती समारोह को लेकर एनएसयूआई में रोष नजर आया। जयंती समारोह का आयोजन एबीवीपी द्वारा रविवि ऑडिटोरियम में किया गया था। एनएसयूआई ने आयोजन स्थल प्रदान किए जाने पर आपत्ति जताते हुए विवि प्रशासन पर विचारधारा विशेष को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। इसके विरोध में एनएसयूआई ने एक दिवसीय भूख हड़ताल (सत्याग्रह) किया। इसके पश्चात कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर "आरएसएस-एबीवीपी गो बैक" के नारों के साथ विश्वविद्यालय प्रशासन का घेराव किया और अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान कुलसचिव से मुलाकात के दौरान तीखी नोकझोंक भी हुई। कुलपति से मुलाकात नहीं होने पर ए न ए स यू आ ई कार्यकर्ताओं ने कुलसचिव शैलेंद्र पटेल से मुलाकात की। विचारधारा विशेष को बढ़ावा दिए जाने के आरोप में कुलसचिव ने भुगतान की वह रसीद दिखाई जो एबीवीपी ने हॉल प्रदान करने के बदले प्रदान की थी। कुलसचिव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि यदि वे आयोजन कराना चाहते हैं तो वे भी निर्धारित राशि प्रदान कर स्थल प्राप्त कर सकते हैं।

### यूजीसी नियमों का उल्लंघन

एनएसयूआई ने आरोप लगाया कि एनईपी और यूजीसी के नियमों का उल्लंघन करते हुए विश्वविद्यालय परिसर को राजनीतिक कार्यक्रमों के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके माध्यम से विवि के शैक्षणिक माहौल को प्रभावित करने की कोशिश हो रही है। संगठन सदस्यों ने कहा, विश्वविद्यालय एक शैक्षणिक संस्थान है, जहां छात्रों के मूलभूत मुद्दों पर ध्यान दिया जाना चाहिए, न कि किसी एक विचारधारा को थोपने का प्रयास किया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय शिक्षा का केंद्र है। इसे किसी एक विचार की राजनीति का अड्डा नहीं बनाना चाहिए। प्रदर्शन एनएसयूआई के विवि प्रभारी पुनेश्वर लहरे के नेतृत्व में हुआ। समर्थन में प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडेय, जिलाध्यक्ष शांतनु झा, हेमंत पाल, अमित शर्मा, गावेश साहू, अनुज शुक्ला, अंकित बंजारे, महताब हुसैन, आलोक खरे सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

# पुलिस ने चालानी कार्यवाही बंद नहीं की तो कांग्रेस सड़क पर करेगी विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने रायपुर पुलिस की चालानी कार्यवाही, विधानसभा के विशेष सत्र पर सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा, रायपुर पुलिस कमिश्नरी द्वारा जो जबरिया चालान लोगों को भेजे जा रहे हैं, वह अत्याचार है। बिना स्टॉपलाइन, जेब्रा क्रॉसिंग पार किए, जबरिया चालान भेजे जा रहे हैं। रोड के किनारे सब्जी ले रहे हैं तो चालान आ जाएगा।

यातायात के संकेतक मिट गए हैं और पुलिस उसके उल्लंघन पर कार्यवाही कर रही है। पुलिस अपराध नियंत्रण का अपना मूल काम भूल गई है। जनता जितनी अपराधों से परेशान थी, उतनी ही अब पुलिस के चालान से परेशान है। पुलिस वसूली मास्टर बन चुकी है। पुलिस ने चालानी कार्यवाही बंद नहीं की तो सड़क पर उतरकर विरोध किया जाएगा।

### विशेष सत्र जनता के धन की बर्बादी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, 30 अप्रैल को सरकार ने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया है।



मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक मंच से घोषणा की है कि हम कांग्रेस की निंदा करने के लिए विशेष सत्र बुलाएंगे। हालांकि राजभवन ने सत्र का कारण महत्वपूर्ण शासकीय कार्य बताया है, लेकिन मुख्यमंत्री ने जो कारण बताया है, यदि वह सही है तो यह जनता के धन की बर्बादी है। जिस विषय पर लोकसभा में चर्चा हो चुकी है, उस पर विधानसभा में कैसे चर्चा की जा सकती है? यह संसद की अवमानना भी है। विधानसभा के साथ निगमों, पालिकाओं में भी चर्चा करने विशेष आमसभा बुलाई गई है, भाजपा अपने राजनैतिक एजेंडे के लिए संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है।

# मनरेगा श्रमिकों की ई-केवायसी में छत्तीसगढ़ देश में अव्वल

## 58 लाख सक्रिय श्रमिकों में से 56 लाख का वेरिफिकेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत श्रमिकों के ई-केवायसी कार्य में छत्तीसगढ़ ने पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। भारत सरकार द्वारा जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में 97.11 प्रतिशत सक्रिय श्रमिकों का ई-केवायसी पूर्ण कर लिया गया है, जो राष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक है। खास बात ये है कि छत्तीसगढ़ ने केरलम, त्रिपुरा, मिजोरम जैसे छोटे राज्यों तथा कर्नाटक, तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों को भी पछाड़कर यह उपलब्धि हासिल की है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के तहत श्रमिकों की ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी करने में छत्तीसगढ़ ने देशभर में अग्रणी स्थान हासिल किया है। प्रदेश में लगभग 56.87 लाख से ज्यादा मजदूरों की डिजिटल वेरिफिकेशन पूरी की गई है, जो भुगतान में पारदर्शिता सुनिश्चित करती है। यह डिजिटल प्रक्रिया फर्जी जॉब कार्डों को हटाने और सीधे वास्तविक लाभार्थियों के बैंक खातों में मजदूरी पहुंचाने में मदद कर रही है। राज्य में योजनाबद्ध ढंग से अभियान चलाकर ई-केवायसी की प्रक्रिया को तेज किया गया, जिससे बड़ी संख्या में श्रमिकों को समयबद्ध रूप से इससे जोड़ा जा सका।

### योजनाओं का लाभ दिलाने प्रतिबद्ध : साय



रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ में कुल 58 लाख से अधिक सक्रिय श्रमिकों में से 56 लाख से अधिक का ई-केवायसी सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा चुका है। यह उपलब्धि न केवल प्रशासनिक दक्षता को दर्शाती है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, राज्य सरकार गरीब और श्रमिक वर्ग के हितों के संरक्षण एवं उन्हें योजनाओं का पारदर्शी लाभ दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### फर्जीवाड़े पर लगेगी रोक : शर्मा



उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, यह उपलब्धि प्रदेश के अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्राम स्तर पर कार्यरत टीमों के समन्वित प्रयास का परिणाम है। उन्होंने बताया कि ई-केवायसी से न केवल फर्जीवाड़े पर रोक लगी है, बल्कि वास्तविक हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने में भी पारदर्शिता आई है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को बधाई देते हुए निर्देशित किया कि शेष लंबित प्रकरणों को भी शीघ्र पूर्ण कर प्रदेश को 100 प्रतिशत ई-केवायसी के लक्ष्य की ओर अग्रसर किया जाए।

## शिक्षक संघ ने जनगणना समय में बदलाव या वैकल्पक व्यवस्था की मांग की

# 1 मई से जनगणना का घर-घर सर्वे, भीषण गर्मी में ड्यूटी पर शिक्षकों ने जताया ऐतराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जनगणना के पहले चरण की शुरुआत से ठीक पहले प्रदेश में जारी भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच शिक्षकों ने जनगणना कार्य में अपनी ड्यूटी लगाए जाने पर कड़ा ऐतराज जताया है। शिक्षक संघ का तर्क है कि जब शासन खुद आम जनता के लिए गर्मी से बचाव की एडवाइजरी जारी कर रहा है तो ऐसी स्थिति में शिक्षकों को तपती धूप में घर-घर भेजना उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।

दरअसल राज्य में वर्तमान में भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ के अनुसार, मई की झुलसा देने वाली गर्मी में फील्ड वर्क करना जानलेवा साबित हो सकता है। शिक्षकों का कहना है कि डेटा संग्रह के लिए उन्हें घंटों पैदल चलना होगा, जिससे लू लगने और गंभीर रूप से बीमार होने का खतरा बना




रहेगा। संघ ने मांग की है कि या तो जनगणना के समय में बदलाव किया जाए या इस कार्य के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।

### 1 करोड़ का बीमा और सुरक्षा की मांग

शिक्षक संघ ने केवल समय बदलने की ही मांग नहीं की है, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से एक बड़ी मांग शासन के सामने रखी है। संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि इस चुनौतीपूर्ण मौसम में शिक्षकों से जनगणना कार्य कराया जाता है तो किसी भी अनहोनी की स्थिति में संबंधित शिक्षक के परिवार के लिए 1 करोड़ रुपए के बीमा का प्रावधान होना चाहिए।

### शिक्षा मंत्री ने दिया सेवा-शर्तों का हवाला

शिक्षकों की इस आपत्ति और मांगों पर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने स्पष्ट किया कि शिक्षकों की नियुक्ति की सेवा-शर्तों में राष्ट्रीय कार्यों के प्रति उनकी जवाबदेही पहले से शामिल है। शासन का मानना है कि जनगणना एक अनिवार्य और राष्ट्रीय हित का विषय है, जिसे समयसीमा के भीतर पूरा करना आवश्यक है। मंत्री ने संकेत दिए हैं कि सेवा-शर्तों के तहत शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही संभव नहीं है।

### सेल्फ गणना की प्रक्रिया जारी

छत्तीसगढ़ में 16 अप्रैल से 'सेल्फ गणना' की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन एक मई से जमीनी स्तर पर घर-घर जाकर सर्वे का काम शुरू होना है। जनगणना विभाग और प्रशासन इसे देश के भविष्य के लिए अनिवार्य मान रहे हैं। वहीं शिक्षक इसे मानवीय दृष्टिकोण से देखने की अपील कर रहे हैं।

# बच्चों के बस्ते का बोझ कम करने निजी स्कूलों पर सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ में नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक के स्कूली बच्चों के बस्ते का वजन और मानसिक बोझ कम करने के उद्देश्य से शासन-प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। लंबे समय से पालकों द्वारा निजी स्कूलों में बढ़ते शैक्षणिक दबाव और भारी बस्तों को लेकर चिंता जताई जा रही थी, जिस पर अब प्रशासन ने संज्ञान लिया है।ज्ञात हो कि शासन द्वारा पूर्व में यह निर्देश दिया गया था कि बच्चों के बस्ते का वजन उनके शरीर के वजन का आधा से अधिक नहीं होना चाहिए, लेकिन अधिकांश निजी विद्यालयों में इस नियम का पालन नहीं हो रहा है।

## एनसीईआरटी पुस्तकें अनिवार्य करने के निर्देश

### सख्त नियम लागू हों

इसी मुद्दे को लेकर पालकों ने शासन-प्रशासन के समक्ष अपनी मांगें रखीं। इनमें प्रमुख रूप से पाठ्यक्रम और गणवेश में परिवर्तन जिला शिक्षा अधिकारी की अनुमति से ही किए जाने, विषयों की संख्या बच्चों के अनुरूप सीमित रखने, स्कूलों में पुस्तक-कॉपी रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा शिक्षकों की शैक्षणिक योग्यता सार्वजनिक करने जैसी मांगें शामिल हैं। इसके अलावा, छोटे बच्चों की पढ़ाई की जानकारी व्हाट्सएप के माध्यम से साझा करने की मांग भी रखी गई, ताकि पालक बच्चों की प्रगति पर नजर रख सकें।

### मनमानी खरीद पर रोक

जारी निर्देशों के अनुसार, सभी निजी स्कूलों में एनसीईआरटी की पुस्तकें लागू कर निःशुल्क वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को किसी विशेष दुकान से निजी प्रकाशकों की पुस्तकें खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। साथ ही, गणवेश और स्टेशनरी की खरीदारी के लिए भी किसी विशेष दुकान का दबाव नहीं बनाया जा सकेगा।

### मुख्य सचिव ने दिए जांच और कार्रवाई के निर्देश

पालकों द्वारा यह ज्ञापन मुख्यमंत्री, राज्यपाल, स्कूल शिक्षा मंत्री एवं जिला प्रशासन को सौंपा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य सचिव विकासशील ने सभी जिलों के कलेक्टरों और जिला शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

साथ ही, पहले जहां सरकारी और निजी दोनों स्कूलों में पुस्तकों का निःशुल्क वितरण होता था, वहीं वर्तमान में निजी स्कूलों में पालकों से राशि लेकर पुस्तकें उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शिकायतों के निपटारे के लिए पारदर्शी प्रणाली विकसित की जाएगी और निर्देशों का पालन नहीं करने वाले निजी विद्यालयों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से महेश यादव, हरिशंकर सेन, के.के. वर्मा, अंशुमन कर्ष, शंकर सोनवानी, दिलीप पठारी, गुरुदत्त चंद्राकर, रमेश बंदे, सरोज पैकरा, दीपक साहू, संजू वर्मा, सदानंद एवं कुलेश्वर वर्मा सहित बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पहुंचे लवन रेस्टहाउस

**लवन।** अचानक मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शिवरीनारायण प्रवास के दौरान लवन के रेस्ट हाउस में कुछ देर के लिए रुके। उनके साथ प्रसिद्ध संत राजीव लोचन महाराज महाराज भी साथ में थे। रेस्ट हाउस में गौ सेवा आयोग के विकासखंड बलौदाबाजार के अध्यक्ष केशव मिश्रा ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिए जाने का अनुरोध किया और आज गौ सेवा सम्मान अभियान की रैली के संबंध में जानकारी दी। आज लगभग 4000 हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन तहसीलदार लवन को दिया गया। मुख्यमंत्री के स्वागत में नगर पंचायत अध्यक्ष शिवमंगल चौहान, उपाध्यक्ष नरेंद्र साहू, विजय साहू, बजरंग दल जिला सहसंयोजक पंडित तलाश शास्त्री, राजेंद्र दुबे, कलेक्टर बलौदाबाजार, तहसीलदार लवन उपस्थित थे।

### शराब दुकान में सेंधमारी का आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। टिकरापारा थाना क्षेत्र के गोकुल नगर अंग्रेजी शराब दुकान में सेंधमारी कर शराब की बोतल के साथ नकदी 10 हजार रुपए चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चोरी के आरोप में पुलिस ने बलौदाबाजार, पलारी निवासी अरुण यादव को गिरफ्तार किया है। अरुण ने शराब दुकान में 24-25 दरमियानी रात सेंधमारी कर चोरी की थी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से शराब चोरी की बोतल के साथ डेढ़ हजार रुपए कैश जब्त किए हैं।

## निधन

### सैयद हसरत अली



**बलौदाबाजार।** नगर के सम्मानित नागरिक जनाब सैयद हसरत अली का सोमवार को इंतकाल हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। वे लंबे समय से सामाजिक एवं पारिवारिक दायित्वों के निर्वहन के लिए जाने जाते थे। मंगलवार को उन्हें पूरे सम्मान के साथ बलौदा बाजार स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। अंतिम यात्रा मंगलवार शाम लगभग 5:30 बजे लोहिया नगर, पाड़े पारा स्थित उनके निवास से निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में परिजन, मित्रगण एवं नगरवासी शामिल हुए।

### राजस्व मामले की नोटिस

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

मामला क्रमांक- 202604211000006 ब/121 सन- 2025-26

**सुभाष सरकार विरूद्ध उमाबाई अग्रवाल अन्य 03**

(1) श्रीमान/श्रीमती सुकन्या पति सत्येन्द्र कुमार अग्रवाल पता राम मंदिर के पास तिलक नगर बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)

(2) श्रीमान/श्रीमती संगीता अग्रवाल पति अशोक अग्रवाल पता राम मंदिर के पास तिलक नगर बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)

आपको सूचित किया जाता है कि, उपर्युक्त मामले की सुनवाई तारीख 22 माह 05 सन् 2026 को दिन 11.00 बजे स्थान सिमगा पर होगी

नोटिस जारी करने की तारीख 27 माह 04 सन् 2026

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा**

## सियासत : नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर सियासी घमासान

# हथबंद में भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन, राहुल गांधी का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद





नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर जारी राजनीतिक बयानबाजी के बीच हथबंद मंडल में भारतीय जनता पार्टी एवं महिला मोर्चा द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। राहुल गांधी के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन करते हुए कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मंडल अध्यक्ष डॉ. दौलत राम पाल के नेतृत्व में भाजपा महिला मोर्चा हथबंद मंडल द्वारा टिकट्डा चौक रोड पर यह प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। दोपहर करीब 3 बजे प्रदर्शनकारियों ने सड़क के बीच पुतला जलाकर विरोध जताया। इस दौरान महिला विरोधी कांग्रेस – हाय हाय! और नारी शक्ति ने मांगा अधिकार – कांग्रेस ने ठुकराया हर बार जैसे नारे लगाए गए।

मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष विद्या वर्मा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था, लेकिन विपक्षी दलों द्वारा इसे लोकसभा में गिराया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे विपक्ष की महिला विरोधी मानसिकता उजागर होती है।

मंडल अध्यक्ष डॉ. दौलत राम पाल ने कहा कि कांग्रेस ने लंबे समय तक शासन किया, लेकिन महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ठोस कदम नहीं उठाए। वहीं महामंत्री प्रेमलता वर्मा ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह बिल लाया गया था, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया जाना चाहिए था, क्योंकि यह देश की महिलाओं के सम्मान से जुड़ा विषय है।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रदर्शनकारियों ने हथबंद रोड स्थित टिकट्डा चौक पर पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर महामंत्री ईश्वरी मारकंडे, वरिष्ठ नेता संजय वर्मा, रामकुमार साहू, मंडल उपाध्यक्ष हरिश वैष्णव, धन्ना धनेश्वर निषाद, कविता वर्मा, धनेश्वरी वर्मा, जीवन साहू, धनी राम रजक, प्रकाश पाल, अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष कल्याण ध्रुव, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष डोमार मारकंडे, किसान मोर्चा अध्यक्ष चुरावान वर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष निकेश देवांगन, महिला मोर्चा महामंत्री कलावती चतुर्वेदी, गौरी निषाद, राजेश्वरी निषाद, भावेश साहू, ओमप्रकाश वर्मा, महेंद्र साहू, दिनेश वर्मा, वीना जोशी, अखिलेश्वरी शुक्ला, राजेश प्रजापति, अमरीका साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्य मार्ग अंधेरे में डूबा, स्ट्रीट लाइट बंद होने से बढ़ी परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय का प्रमुख मार्ग मंगलवार शाम अचानक अंधेरे में डूब गया, जब सड़क के मध्य डिवाइडर पर लगी स्ट्रीट लाइटें अज्ञात कारणों से बंद हो गईं। मुख्य मार्ग पर रोशनी नहीं होने से राहगीरों और वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर लोगों को सावधानीपूर्वक आवागमन करते देखा गया।

जानकारी के अनुसार, शाम के समय नगर में तेज आंधी के साथ बारिश भी हुई थी। इसके अलावा सड़क के मध्य डिवाइडर के विस्तारीकरण का कार्य भी इन दिनों प्रगति पर है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों या निर्माण कार्य के चलते विद्युत व्यवस्था प्रभावित हुई हो सकती है। हालांकि, स्ट्रीट लाइट बंद होने के सटीक कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि मुख्य मार्ग पर पर्याप्त रोशनी नहीं होने से दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। खासकर रात के समय दोपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों ने शीघ्र व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने बताया कि स्ट्रीट लाइट बंद होने के कारणों की जांच की जा रही है। तकनीकी टीम को मौके पर भेजा गया है और जल्द से जल्द लाइटें पुनः चालू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि समस्या का त्वरित समाधान कर नागरिकों को राहत प्रदान की जाएगी।

## पेज 9 के शेष

### सुशासन तिहार में...

हो जाना चाहिए। शिविर में आवेदन पंजीयन काउंटर, विभागीय स्टॉल, मेडिकल कैम्प भी हो।हितग्राही मूलक योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करना है।शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण क्री जानकारी आवेदकों दें।उन्होंने कहा कि शिविर में निराकरण नहीं हो पाने वाले आवेदनों को अगले 15 दिन में निराकृत कर आवेदको को सूचित भी करना है।प्रत्येक शिविर के नोडल अधिकारी को शिविर में निराकृत आवेदनों क्री पूरी जानकारी होना चाहिए।

### नगरीय क्षेत्रों में ...

में वार्ड 1 से 7 के लिये, ठाकुरदिया चौक रोहांसी में वार्ड 1 से 8 के लिये, सांस्कृतिक भवन सिमगा में वार्ड 8 से 15 के लिये, सोमवार 18 मई को मयूर स्कूल भाटापारा में वार्ड 17 से 24 के लिये, नगर भवन बलौदाबाजार में वार्ड 15 से 20 के लिये, कार्यालय नगर पंचायत भवन लवन में वार्ड 9 से 15 के लिये, महामाया चौक दुण्ड्रा में वार्ड 8 से 15 के लिये, बुधवार 20 मई को शिव मंदिर शंकर नगर सिमगा में 1 से 7 के लिये, रामायण चौक रोहांसी में वार्ड 9 से 15 के लिये, सोमवार 25 मई को दुर्गा मंदिर रामसागरवार्ड में वार्ड 25 से 31 के लिये एवं बजरंग चौक कसडोल में वार्ड 9 से 15 के लिये शिविर होग़ा। बैठक में डीएफओ गणवीर धम्मशील सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल सहित अपर कलेक्टर, एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में

में, सोमवार 11मई को भाटापारा के ग्राम तरेंगा एवं पलारी के ग्राम वाटगन में,बुधवार 13-मई को सिमगा के ग्राम जांगड़ा एवं बलौदाबाजार के ग्राम चिचिरदा में,16 मई को पलारी के ग्राम कुसमी में, सोमवार 18 मई को सिमगा के ग्राम तुलसी एवं कसडोल के ग्राम बया में, बुधवार 20 मई को बलौदाबाजार के ग्राम नावापारा में, शनिवार 23 मई को कसडोल के कोटियाडीह एवं पलारी के गिधपुरी में, सोमवार 25 मई को सिमगा के भटभेरा एवं बलौदाबाजार के करमदा में, गुरुवार 28 मई को भाटापारा के बोडतरा में, शनिवार 30 मई को पलारी के ग्राम दतरेंगी में,सोमवार 1 जून को सिमगा के ग्राम दावनबोड एवं बलौदाबाजार के ग्राम भालूकोना मे,बुधवार 3 जून को भाटापारा के ग्राम बिजराडीह एवं पलारी के ग्राम छेरकापुर में,शनिवार 6 जून को कसडोल के ग्राम नारायणपुर एवं सिमगा के जरौद में, सोमवार 8 जून को भाटापारा के ग्राम गुड़ेलिया में एवं बुधवार 10 जून को कोसडोल के ग्राम राजादेवरी में शिविर आयोजित होंगे।

### कलेक्टर जांच में चौक...

माता की मूर्ति के साथ स्थापित अन्य कलात्मक मूर्तियों को कुछ माह पूर्व नुकसान पहुंचाया गया था। इस मामले में मूर्तियों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठे थे, जिसे गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर द्वारा तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई थी।घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित मूर्तियों को सुरक्षित रूप से षष्ठी मंदिर परिसर में रखवा दिया गया था। साथ ही, सिटी कोतवाली में इसकी सूचना भी दी गई थी। जांच रिपोर्ट, टेस्ट रिपोर्ट एवं पंचनामा के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया है कि निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदार द्वारा गुणवत्तापूर्ण कार्य किया गया था।

### आंधी-तूफान के...

दौरान खुले स्थानों से दूर रहें और स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। कुल मिलाकर, यह आंधी-बारिश जहां एक ओर राहत लेकर आई, वहीं आगामी दिनों में मौसम के उतार-चढ़ाव को देखते हुए सावधानी बरतना भी आवश्यक हो गया है।

### बच्चों से काम...

संभावित जोखिम को देखते हुए निगरानी और जागरूकता अभियान जारी रखने की बात कही गई। टीम ने सख्त चेतावनी दी कि यदि भविष्य में बाल श्रम या बाल भिक्षावृत्ति के मामले सामने आते हैं, तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ श्रम कानूनों के साथ-साथ किशोर न्याय अधिनियम के तहत भी कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत पांच वर्ष तक की सजा और एक से पांच लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इस अभियान में जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास, संरक्षण अधिकारी दीपक राय, चाइल्ड लाइन से परियोजना समन्वय नेहा तिवारी, मोरध्वज साहू, जिला बाल संरक्षण इकाई, श्रम विभाग, पुलिस विभाग और चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे बाल श्रम के खिलाफ जागरूक रहें और किसी भी उल्लंघन की सूचना तुरंत दें।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 1 मई तक

**बलौदाबाजार**। जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बल्दाकछार (सोनाखान) की कक्षा 7वीं, 8वीं एवं 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 28 अप्रैल से 1 मई तक मंगाये गये हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए कक्षा 7वीं के लिए 4 बालक एवं 9 बालिका कुल 13, कक्षा 8वीं के लिए 01 बालक एवं कक्षा 9वीं के लिए 1 बालक एवं 1 बालिका कुल 2 सीट निर्धारित हैं। इनमें 6 बालक एवं 10 बालिका कुल 16 बालक एवं बालिका को प्रवेश दिया जायेगा।

### खैदा में परगिया कुर्मी समाज की बैठक 3 को

**मुंडा**। ग्राम खैदा में छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवन राज का रात्रि कालीन बैठक रखी गई है। बैठक 3 मई को रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होगी, जिसमें सामाजिक विकास हेतु चर्चा परिचर्चा के साथ प्राप्त आवेदनों पर निर्णय करते हुए वार्षिक अधिवेशन के संबंध में चर्चा की जाएगी, जिसमें छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवनराज के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा ने समाज के लोगों से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### गुडेलिया में तीन दिवसीय रामायण शुरू

**भाटापारा**। विकसित आदर्श, निर्मल एवं स्मार्ट ग्राम पंचायत गुडेलिया में श्री अखण्ड तीन दिवसीय रामायण



समारोह का आयोजन 28 अप्रैल से 1 मई तक किया जा रहा है। 1 मई को सहस्त्रधारा व रामायण का समापन समारोह होगा। वहीं प्रत्येक मानस मण्डली को 500 रू व श्रीफल सम्मान राशि दी जायेगी।

**मौसम : शादी-विवाह सीजन में कूलर-पंखों की किल्लत**

# बिजली कटौती ने बढ़ाई ग्रामीणों की मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान हैं। दिन और रात में अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण आक्रोशित हैं। चिलचिलाती तेज धूप से ग्रामीण हलाकान हैं। भीषण गर्मी पड़ने से घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया हैं। जरूरी काम आने से घर से बाहर निकलना मजबूरी हो गया हैं। शादी विवाह का सीजन चल रहा हैं, शादी विवाह के घरों में भीषण गर्मी को देखते हुए कूलर पंखा किराया में मिल रहा हैं। टेंट वाले ने कूलर पंखा पूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। पहले से शादी घर वालों ने बुकिंग किया गया है। जब तक बिजली कटौती का सुधार नहीं होगा, गर्मी से निजात नहीं मिल सकेगा।

ग्रामीणों को सही समय पर लाइट नहीं मिल पा रहा हैं। कई घंटों तक बिजली कटौती की जा रही हैं। भीषण गर्मी से शरीर से पसीना निकल रहा हैं। सोमवार को शाम करीबन सात बजे तूफान में कई पेड़ का धराशाई और बिजली का खंभा और ट्रांसफार्मर गिरे, जिससे घंटों तक बिजली कटौती की गई। तूफान में गिरे हुए ट्रांसफार्मर को रिपेयरिंग कर खंभे का बैलेंस बनाकर ट्रांसफार्मर को खड़ा किया गया।



## गर्मी बढ़ते ही एसी की मांग बढ़ी

**भाटापारा**। क्षेत्र में अप्रैल माह की प्रचंड गर्मी से 43 डिग्री सेल्सियस तक तापमान पहुंच चुका है, जो बीते 20 दिनों से स्थिर सा हो गया है। सुबह 8 बजे से ही पसीना छूटने लगता है । वहीं इस भीषण गर्मी के चलते अब कूलर की जगह एसी की डिमांड काफी बढ़ गई है और अभी वर्तमान की स्थिति में इलेक्ट्रॉनिक दुकानों में एसी के लिए लाइन लगी है, क्योंकि वर्तमान समय में लोग कूलर की जगह एसी लगवाना पसंद कर रहे हैं। अभी की स्थिति में शहर में 3000 से अधिक एसी में लगे हुए हैं।



इलेक्ट्रॉनिक व्यावसायी आलोक मोदी ने बताया कि सरकार और कम्पनी इनवर्टर एसी और AI न्यू टेक्नोलॉजी में बिजली की खपत कम होती है। सभी ब्रांडेड कम्पनी इसी तरह के एसी का निर्माण कर रहे हैं। अभी जो एसी बन रहे हैं वे 52 डिग्री तक काम करते हैं और इसकी खासियत यह है कि आप एसी को आटो मोड में डालकर 2 से 3 घंटे चलाकर 6 से 7 घंटे कमरे का तापमान उसी तरह स्थिर रहता है। वहीं अगर कूलर को 12 घंटे चलायें तब भी वह एसी के जैसे कमरे को ठंडा नहीं रखता। बंद होते ही गर्मी का अहसास शुरू हो जाता है। कूलर में भी कई ब्रांडेड कम्पनी के कूलर बाजार में उपलब्ध है, जो 10 से 20 हजार कीमत वाले हैं वहीं सामान्य एसी 35 हजार तक के आ रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया शहर के अलावा अब ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी आते हैं और शान से एसी लेकर जाते हैं। रख रखाव में भी एसी लोगों के लिए सुलभ है व मेनटेनेंस भी कम लगता है। बाजार आपूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। अभी की स्थिति को अगर देखें तो आने वाला समय इनवर्टर एसी का होगा।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में लोकल परीक्षाओं के नतीजे जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करहीबाजार का सत्र 2026 का स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम सियाराम चक्रधारी अध्यक्ष शाला विकास समिति,राजेश पटेल अध्यक्ष कृषि शाख समिति केसला, पुरुषोत्तम निषाद सदस्य शाला समिति,रेशम यदु जनपद सदस्य प्रतिनिधि,सुंदरपाल पंचायत सचिव, बसंत देवांगन, श्याम चतुर्वेदी, दिलीप वर्मा आदि पालकों की उपस्थिति में को घोषित किया गया। सभा में राजेश पटेल एवं रेशम यदु द्वारा 10 वी,12 वी बोर्ड परीक्षा टॉप टेन में स्थान लाने वाले को दस दस हजार रुपए नगद सम्मान राशि देने की घोषणा की।

उपस्थित पालकों एवं छात्रों को प्रभारी प्राचार्य ईश्वर देवदास, आशीष राय व्याख्याता, लक्ष्मीनारायण सोनी व्याख्याता, पदुमलाल विश्वकर्मा द्वारा समय प्रबंधन एवं लक्ष्य प्राप्ति हेतु कड़ी मेहनत के साथ साथ की जाने वाली प्रयासों पर प्रेरणा पद उद्बोधन दिए। इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी अंग्रेजी माध्यम के स्टॉफ, पालकगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थीं।

# सीएम के शिवरीनारायण प्रवास के दौरान भाजपा ने किया स्वागत सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उनकी पत्नी कौशल्या साय के शिवरीनारायण प्रवास के दौरान कसडोल नगर आगमन पर गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया। इस शुभ अवसर पर के साथ प्रमुख रूप से भाजपा बलौदाबाजार पिछड़ा वर्ग मोर्चा पूर्व अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, भाजपा बलौदाबाजार जिलामंत्री मेलाराम साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शीला वर्मा, नगर पंचायत कसडोल अध्यक्ष नागेश्वर साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंजीव जायसवाल, जिला पंचायत बलौदाबाजार पूर्व सभापति नवीन मिश्रा, जिला प्रतिनिधि दिलहरण जायसवाल, कसडोल मंडल महामंत्री हरिकांत राजू साहू, कसडोल मंडल कोषाध्यक्ष गुनीराम साहू, भाजपा मंडल कटगी महामंत्री ईश्वर पटेल, कसडोल मंडल महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष निर्मला साहू, अनुसूचित जाति मोर्चा कसडोल मंडल अध्यक्ष रविकांत बंजारे, भाजपा युवा मोर्चा कसडोल मंडल अध्यक्ष शनि यादव, भाजपा कसडोल कार्यालय प्रभारी गोपाल साहू, नगर पंचायत कसडोल पार्षद एवं अध्यक्ष जन भागीदारी समिति से पुनेश्वरनाथ मिश्रा सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हर घर नल से जल बना ग्रामीण सशक्तीकरण एवं सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक



**बलौदाबाजार**। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन और सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में जिले में जल जीवन मिशन एक नई ऊंचाई छू रहा है। हर घर नल से जल योजना अब केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि ग्रामीण सशक्तिकरण और सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक बन गई है।

प्रशासनिक प्रयासों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से अब तक 22 लाख 57 हजार की जल कर राशि संकलित की जा चुकी है। ग्रामीण परिवारों द्वारा किया जा रहा यह स्वैच्छिक योगदान जल व्यवस्था के प्रति उनकी जवाबदेही को दर्शाता है।

इस संकलित राशि का उपयोग सीधे तौर पर ग्रामीण जल प्रणालियों को बेहतर बनाने में किया जा रहा है, जिसमें नल एवं पाइपलाइन की त्वरित मरम्मत कार्य,जल आपूर्ति प्रणाली का निरंतर रख-रखाव एवं सुधार,जल संरक्षण एवं संवर्धन के स्थायी कार्यों को प्राथमिकता शामिल हैं। विगत दिनों विशेष ग्राम सभा में भी जल कर पर चर्चा क़ी गई।

